# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी —श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस

**राजस्व आवेदन :— 320/2023 अन्तर्गत धारा 251 'ए' Rt Act**

उनवान :—

प्रार्थीगण :— 1. उदाराम पुत्र वीझाराम फौत के कायम मुकाम
1(1) हुकमा पुत्र उदा
1(2) कंवरा पुत्र उदा
1(3) दमी देवी पत्नी उदा
जाति जाट, निवासी नसीर की ढाणी, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर।

बनाम

विप्रार्थी :— 01. तहसीलदार सेड़वा, जिला बाड़मेर।

वकील प्रार्थीगण :— श्री ज्येष्ठ कुमार

## निर्णय

दिनांक

प्रार्थीगण उदाराम पुत्र वीझाराम जाति जाट, निवासी नसीर की ढाणी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन अन्तर्गत 251 (ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी के खातेदारी व कब्जाकाश्त की भूमि ग्राम नसीर की ढाणी पटवार हल्का बीसासर के खेत खसरा संख्या 277 रकबा 4.3382 हैक्टर का आया हुआ है, जिसमें प्रार्थी की रहवासीय ढाणी आयी हुई है। प्रार्थी को उक्त खेत व रहवासीय ढाणी में आने—जाने के लिए रास्ते की अन्यन्त आवश्यकता है। प्रार्थी के खेत व रहवासीय ढाणी में आने—जाने के लिए रास्ता अप्रार्थी के खातेदारी खेत ग्राम नसीर की ढाणी के खसरा संख्या 563/278 रकबा 14.7791 हैक्टर बा0सो0 में से 20 फीट चौड़े निकटतम रास्ते की आवश्यकता है। उक्त रास्ता आने—जाने के लिए आवागमन की सुविधा हेतु उपयुक्त व सुविधाजनक रास्ता है। उक्त रास्तें के अलावा प्रार्थी के खातेदारी व कब्जा काश्त के खेत में काश्त करने व रहवासीय ढाणी में आने—जाने का का निकटतम रूठ का सुविधाजनक का रास्ता नहीं है। अभी राज्य सरकार की भूमि पर कुछ अतिक्रमियों द्वारा उक्त स्थान से चलने से मना कर दिया है तथा रास्ते हेतु आपसी सहमति से मामला नहीं बैठता है। जिससे रास्ते की प्राप्ति हेतु इस्तदुआ चाही है।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जा[illegible] प्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गए। विप्रार्थीगण [illegible] सम्मन तामिल शुदा प्राप्त होने के बावजूद उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ,

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर (SDO) सेड़वा

सलिए एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई जाती है। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से मौका रिपोर्ट मंगवाने हेतु न्यायालय से अनुरोध किया। जिस पर न्यायालय द्वारा क्रमांक रीडर/2024/2256 दिनांक 29.07.2024 द्वारा तहसीलदार सेड़वा से मौका रिपोर्ट तलब की। तहसीलदार सेड़वा के कार्यालय पत्रांक भू.अ./2024/3133 दिनांक 16.10.2024 द्वारा प्रकरण में न्यायालय को मौका रिपोर्ट मय खसरा नक्शा एवं जमाबंदी प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। तहसीलदार सेड़वा के कार्यालय पत्रांक भू.अ. /2024/3133 दिनांक 16.10.2024 द्वारा प्राप्त मौका जांच प्रतिवेदन निम्नानुसार है– ग्राम नसीर की ढाणी के खसरा संख्या 277 रकबा 4.3382 हैक्टेयर के खातेदार स्व0 श्री उदाराम पुत्र वींझाराम कौम जाट निवासी दीपला द्वारा अपने खेत तक आने जाने के लिए सरकारी खसरा संख्या 563/278 रकबा 14.7791 हैक्टेयर किस्म बा0सो0 में से कटान रास्ते की मांग की है। मौका रिपोर्ट अनुसार प्रार्थीगण द्वारा वांछित प्रस्तावित रास्ते के अलावा अन्य कोई निकटतम विकल्प उपलब्ध नहीं है। रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि आवागमन योग्य है।

| क्र. सं. | खातेदार का नाम | खसरा संख्या | रकबा हैक्ट. में | रास्ते की चौड़ाई फीट में | प्रस्तावित रास्ते में समाविष्ट भूमि का रकबा | मौजा | रास्ते में समाविष्ट भूमि की कीमत(डील | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राजस्थान सरकार (खाता संख्या 1) | 563/278 | 14.7791 है. | 20 | 0.0607 है. (बरंग लाल से दर्शित) | नसीर की ढाणी | 6110/– असिंचित सड़क पर व 12201 सिंचित सड़क पर | बा.सो |

मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम नसीर की ढाणी की वर्तमान डीएलसी दर असिंचित सड़क पर 16269 प्रति बीघा व 32537 सिंचित सड़क पर प्रति बीघा है तथा प्रस्तावित रास्ते के अलावा कोई निकटतम रास्ते का विकल्प उपलब्ध नहीं है। प्रस्तावित रास्ते पर कोई कीमती पेड़, मकान आदि नहीं है। प्रस्तावित रास्ते की भूमि मौके पर खाली है।

प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली का अध्ययन अवलोकन किया गया। संलग्न दस्तावेजों एवं मौका रिपोर्ट पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिंतन मनन किया गया। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों, तथ्यों आदि पर बहस की, जिस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थ चित्त से विचारण किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा दस्तावेजी साक्ष्यों पर गुणावगुण विचारणोपरांत प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर (SDO) सेड़वा

...रा 251 'ए' राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 स्वीकार योग्य प्रतीत होता है तथा प्रार्थी द्वारा वांछित रास्ते का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. सं. | खातेदार का नाम | खसरा संख्या | रकबा हैक्ट. में | रास्ते की चौड़ाई फीट में | प्रस्तावित रास्ते में समाविष्ट भूमि का रकबा | मौजा | रास्ते में समाविष्ट भूमि की कीमत(प्रति बीघा) | भूमि की किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राजस्थान सरकार (खाता संख्या 1) | 563/278 | 14.7791 है. | 20 | 0.0607 है. | नसीर की ढाणी | 6110/– असिंचित सड़क पर 12201/–सिंचित सड़क पर | बा.सो |

राजस्थान काश्तकारी (सरकारी/संशोधन) नियम 2012 द्वारा अन्तः स्थापित अध्याय 12 के नियम 70(11) (a) में स्पष्ट है कि अगर समझौते से क्षतिपूर्ति राशि का समाधान नहीं होता है तो जिला स्तरीय कमेटी/डीएलसी द्वारा निर्धारित दरों की दो गुणा राशि की दर से प्रभावित पक्षकार को क्षतिपूर्ति के रूप में राशि दी जाकर प्रार्थीगण को रास्ता दिया जा सकता है और अन्य कोई पेड़ फसल या संरचना प्रस्तावित रास्ते में हो तो उनकी क्षति की पूर्ति हेतु वास्तविक नुकसान के आधार पर राशि देय होगी।

प्रार्थी के आवेदन की गंभीरता व अत्यधिक आवश्यकता के दृष्टिगत उनका आवेदन अंतर्गत धारा 251 (ए) की उपधारा (1)–(b) राजस्थान काश्तकारी संशोधित अधिनियम 2010 को स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार से प्राप्त मौका रिपोर्ट दिनांक 26.09.2024 मय फर्द एवं संलग्न आंशिक नक्शा ट्रेस लाल रंग से दर्शाया गया है जिसके अनुसार 20.00 फीट चौड़ा रास्ता प्रार्थी के पक्ष में दिए जाने का आदेश दिया जाता है। प्रार्थी क्षतिपूर्ति राशि नियमानुसार डीएलसी दर की दो गुना राजकोष में अदा करेगें। मौका रिपोर्ट दिनांक 26.09.2024 मय फर्द व नक्शा निर्णय का अनिवार्य अंग रहेंगे। प्रार्थी को उक्त खसरा में से प्रस्तावित नया रास्ता दिये जाने के लिए निम्नलिखित शर्तों की पालना अनिवार्य होगी :–

1. तहसीलदार सेड़वा द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट में संलग्न आंशिक नक्शा ट्रेस में दर्शाया गया है कि प्रस्तावित नए रास्तें में समाविष्ट होने वाली कुल भूमि के रकबे की गणना कर निर्णय दिनांक को प्रचलित (लागू) डीएलसी द्वारा निर्धारित दरों की दो गुना राशि की गणना करके तहसीलदार द्वारा सात दिवस में न्यायालय में प्रस्तुत की जायेगी।
2. तहसीलदार द्वारा गणना उपरान्त निर्धारित राशि का भुगतान प्रार्थी द्वारा प्रभावित पक्षकार (विप्रार्थी) को नए रास्तें में समाविष्ट होने वाली उनकी भूमि के रकबे की क्षतिपूर्ति राशि के रूप में डीएलसी द्वारा निर्धारित दरों की दो गुना के बराबर होगी।

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर (SDO) सेड़वा

3. प्रार्थी द्वारा नए प्रस्तावित रास्तें में समाविष्ट होने वाली भूमि के कुल रकबे हेतु निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि तहसीलदार सेड़वा को प्रदान करने के उपरान्त ही स्वयं द्वारा भौतिक रूप से नये रास्ते का सीमांकन तथा राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद किया जायेगा।
4. नए प्रस्तावित 20 फीट रास्ते में समाविष्ट होने वाली भूमि के संबंध में अभिधृति निर्वापित की हुई समझी जाएगी और वह भूमि राजस्व अभिलेखों में ''गैर मुमकिन रास्ता'' के रूप में अभिलिखित की जायेगी।
5. प्रार्थी को उक्त 20 फीट चौड़े रास्ते हेतु प्रयुक्त अधिकारों के अतिरिक्त कोई भी अन्य अधिकार अर्जित नहीं होंगे।
6. रास्ते के रूप में समाविष्ट भूमि का रकबा संबंधित खसरों में से कम करते हुए तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद किया जाएगा।

**उक्त शर्तों की पालना के अध्याधीन ही प्रकरण में प्रार्थीगण द्वारा वांछित रास्ते हेतु आज दिनांक 15.04.2025 को आदेश किया जाता है। मौका फर्द दिनांक 26.09.2024 मय नक्शा निर्णय का अनिवार्य अंग रहेंगे। निर्णय पालना हेतु तहसीलदार सेड़वा को लिखा जावें। पत्रावली फैसला शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो। संख्या से कम हो।**

15.04.2025

**(बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)**
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

सहायक कलेक्टर
(SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान सरकार

# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.)सेडवा जिला बाडमेर

क्रमांक / भू.अ. / 2024 / 3133 दिनांकः— 16.10.2024

प्रेषितः— श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय, सेड़वा

विशयः— राजस्व आवेदन सं 320 / 2023 अनवान उदाराम बनाम तहसीलदार सेड़वा अंतर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251(A) में मौका रिपोर्ट भिजवाने बाबत् ।

उपरोक्त विशयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्व 320 / 2023 अनवान उदाराम बनाम तहसीलदार सेड़वा अन्तर्गत आर टी एक्ट की धारा 251 ए तहत ग्राम नसीर की ढाणी के खसरा **277** में आने जाने के लिए विप्रार्थीगण के खेत खसरा नं. **563 / 278** में से रास्ता दिया जाने हेतु आप द्वारा मौका रिपोर्ट चाही गई थी। जिसकी पालना में भू–अभिलेख निरिक्षक **सारला** द्वारा दिनांक **26.09.2024** को मौके पर जाकर जांच कर मौका रिपोर्ट व प्रस्तावित रास्ते हेतु नक्शा तैयार किया गया। मौका रिपोर्ट व प्रस्तावित रास्ते का नक्शा इस पत्रांक के सलंगन भिजवाया जा रहा है।

सलंगनः— उपरोक्तानुसार

भवदीय

तहसीलदार (भू.अ.)सेड़वा

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

# मौका रिपोर्ट

(धारा 251(A) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत)

मैं रामकिशन.................. (नाम) भू. अभिलेख निरीक्षक वृत्त.....सारला......., कार्यालय, तहसीलदार .....सेड़वा........... के आदेश क्रमांक/ग्रा/2562-63.... दिनांक 01-08-24... की पालना में भूमि की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु आज दिनांक 26-9-2024 समय 1:30P.M. बजे आराजी खसरा नम्बर- 277....... वाके ग्राम नवीर की ढाणी पटवार मंडल बीसासर........... पर श्री अजयकुमार भींगा पटवारी के साथ मौके पर पहुंचा।

समस्त पक्षकारों को तहसील कार्यालय से नोटिस क्रमांक —............ दिनांक ......—............ द्वारा जारी किये गये थे जिनकी तामील विधिवत रूप से करवायी गयी। समस्त पक्षकारों में से मौके पर निम्न पक्षकार उपस्थित है :-

| क्र.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हुकमाराम S/o उडाराम | | 43 | जाट | प्रार्थी हुकमाराम |

ग्राम नवीर की ढाणी के खसरा संख्या 277 रकबा 4.3382 है॰ के खातेदार स्व॰ श्री उडाराम पुत्र बीझाराम जाति जाट निवासी डीपला ने माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा में अपनी खातेदारी भूमि से सड़क मार्ग तक पहुंचने हेतु ग्राम नवीर की ढाणी के खसरा संख्या 563/278 रकबा 14.7791 है॰ में से रास्ते की मांग हेतु आवेदन किया था। प्रार्थी उडाराम का करीबन एक माह पूर्व स्वर्गवास हो गया था। मौके पर स्व॰ उडाराम के पुत्र हुकमाराम उपस्थित मिले।

उपर्युक्त पक्षकारों की उपस्थिति में भूमि का मौका मुआयना किया गया एवं मौका रिपोर्ट निम्मानुसार तैयार की गई :-

| क्र.सं. | नाम खातेदारान मय हिस्सा | ग्राम | खसरा संख्या | रकबा | किस्म | प्रस्तावित रास्ते की चौडाई x लम्बाई | प्रस्तावित रास्ते में समाविष्ट क्षेत्र | प्रस्तावित रास्ते में समाविष्ट अधिकतम | वि. टि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान सरकार | नवीर की ढाणी | 563/278 | 14.7791 है॰ | गैरमु॰ | 3 गुणा x 50 गुणा = 150 गुणा (0.0607 है॰) | 0.0607 है॰ | 6110/- अविभाजित प्रस्ताव<br>12201/- विभाजित प्रस्ताव | |
| | | | | 14.7791 | गैरमु॰ | 0.0607 है॰ | 0.0607 है॰ | 6110/- | लाल |

ग्राम नवीर की ढाणी की वर्तमान DLC दर आबादी सड़क पर 16269/- प्रति बीघा है तथा सिंचित 32537 प्रस्तावित रास्ते के अलावा कोई निकटतम रास्ते का विकल्प उपलब्ध नहीं है। प्रस्तावित रास्ते पर कोई कीमती पेड़, मकान आदि नहीं है। प्रस्तावित रास्ते की भूमि मौके पर खाली है।

C.S.

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

26/9/24
ILR सारला

26/09/2024
प॰ बीसासर

Ex-Court

सहायक कलक्टर (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

उक्त मौका रिपोर्ट उपस्थित पक्षकारों और मौतबिरानों को पढ़कर सुनायी गई। मौके पर उपस्थित पक्षकारों ने पढ़, सुन एवं समझ कर निम्न प्रकार हस्ताक्षर किये :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | जाति | हस्ताक्षर | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हुकमाराम | पुत्र उदाराम | जाट | हुकमाराम | |

निम्न पक्षकारों ने मौका रिपोर्ट पढ़, सुन, समझ कर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | प्रार्थी/अप्रार्थी |
|---|---|---|---|---|---|

NIL

मौके पर उपस्थित अन्य मौतबिरान को भी उक्त मौका रिपोर्ट पढ़कर सुनायी गयी और उनके निम्न प्रकार हस्ताक्षर करवाये गये :-

| क.सं. | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | पता/ मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केसाराम | पुत्र श्री ऊदाराम | 65 | जाट | केसाराम |
| 2. | मंगलाराम | पुत्र गोपाराम | 25 | मेघवाल | मंगलाराम |

Ex-Court

सहायक कलक्टर (SDO) सेड़वा

प्रार्थी द्वारा मांगा गया प्रस्तावित रास्ता राजकीय भूमि है।

इस प्रकार आज दिनांक 26.9.24.. को यह मौका रिपोर्ट तैयार की गई है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

हस्ताक्षर
पटवारी 26/09/2024
पं. मु. प.- बोसाणा

भू अ. निरीक्षक
मुख्यालय.....साल(ला).....

C.S.

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

राजस्थान सरकार


NIC-BHUNAKSHA

## खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 17/08/2023 10:49:39 AM

...ला : बाड़मेर | तहसील : सेड़वा | भू. अ. नि. क्षेत्र : सारला

...हल्का : बीसासर | ग्राम : नसीर की ढाणी




खसरा संख्या :563/278 क्षेत्रफल : 14.7791 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या :

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.सोयम [ 14.7791 ]

राज. सरकार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप मे नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु [illegible] कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

दिनांक : 26/09/2024 01:40:12 PM

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)


भू. अ. नि. क्षेत्र : सारला

तहसील : सेड़वा

जिला : बाड़मेर

ग्राम : नसीर की ढाणी

पटवारी हल्का : बीसासर




खसरा संख्या :277 क्षेत्रफल : 4.3382 Hectare खाता संख्या : 15पुराना खाता संख्या :13

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.दोयम [ 4.3382, 1.34 ]

1.) उदाराम पुत्र वींझाराम हिस्सा- पूर्ण जाति- जाट सा. दीपला खातेदार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:13:08 IST
Reason: SelfAttested